रेस्क्यू | जबलपुर-सागर बाईपास स्थित ग्राम आमचोपरा में दमोह वन परिक्षेत्र की टीम ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

# कुएं में फंसा जंगली सुअर, मास्टर प्लान से मिली नई जिंदगी





**नवभारत, दमोह.** वन विभाग ने अपनी तकनीकी कुशलता और मुस्तैदी का परिचय देते हुए जबलपुर-सागर बाईपास के समीप स्थित ग्राम आमचोपरा में एक निजी खेत के विशाल और गहरे कुएं में गिरे जंगली सूअर (विल्ड वॉल) का सफल रेस्क्यू किया.इस ऑपरेशन की सबसे बड़ी चुनौती कुएं का बड़ा घेराव और उसकी अत्यधिक गहराई थी, जिसे पिंजरे और हाइड्रा क्रेन के सटीक समन्वय से हल किया गया.

सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम आमचोपरा में एक बहुत बड़ा और गहरा कुआं है जिसमें एक वयस्क जंगली सूअर गिर गया है.कुआं काफी विस्तृत होने के कारण जानवर उसमें लगातार भाग रहा था, जिससे उसे काबू करना मुश्किल था.ईश्वर जरांडे वन मण्डलाधिकारी (डीएफओ), दमोह के निर्देश पर परिक्षेत्र अधिकारी विक्रम चैधरी के नेतृत्व में टीम तत्काल मौके पर पहुंची.

### अपनाई हाई-टेक रणनीति

टीम ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एक सुरक्षित कार्ययोजना तैयार की. पिंजरे का कुशलता से उपयोग सबसे पहले एक लोहे के भारी और मजबूत पिंजरे को कुएं के भीतर उतारा गया.कुआं बड़ा होने के कारण टीम को काफी धैर्य रखना पड़ा, अंततः जंगली सूअर को पिंजरे के भीतर सुरक्षित तरीके से ट्रैप कर लॉक किया गया

### पिंजरा बनाकर निकाला बाहर

चूंकि पिंजरे का वजन और कुएं की गहराई बहुत अधिक थी,इसलिए इसे सुरक्षित बाहर निकालने के लिए हाइड्रा क्रेन मशीन का सहयोग लिया गया.क्रेन की मदद से पिंजरे को बिना किसी झटके के संतुलित तरीके से ऊपर खींचकर सुरक्षित स्थान पर रखा गया.

### प्राकृतिक रहवास में वापसी

रेस्क्यू के उपरांत पूरी तरह स्वस्थ और सक्रिय पाए जाने पर उसे दमोह वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुरक्षित प्राकृतिक जंगल में ले जाकर सफलता पूर्वक आजाद कर दिया गया.रेस्क्यू में डिप्टी रेंजर देवेंद्र शुक्ला, वनरक्षक भारत परोहा,मयंक विश्वकर्मा,लच्छू अहिरवार,प्रमोद शर्मा, हरिशंकर अहिरवार व ग्रामीणों की विशेष भूमिका रही.

**इनका कहना है**

अधिकारी का कहना आमचोपरा ग्राम का यह ऑपरेशन हमारी टीम के तकनीकी कौशल का प्रमाण है.कुआं काफी बड़ा और गहरा था,जिसके कारण रेस्क्यू चुनौतीपूर्ण रहा.लेकिन पिंजरे और हाइड्रा मशीन के इस्तेमाल से हमने जोखिम को न्यूनतम किया और वन्यजीव को सुरक्षित बचा लिया.

**विक्रम चौधरी, वन परिक्षेत्र अधिकारी, दमोह**



## श्री रामनवमीं पर गल्ला मंडी में निकली वाहन रैली



**नवभारत, दमोह।** श्री रामनवमीं पर शहर के मोरगंज गल्ला मंडी वाहन रैली निकली, जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए समन्ना हनुमान मंदिर पहुंची. वहां से पुन:वापस मोरगंज गल्ला मंडी में समापन हुआ.हिंदू संगठन के विक्रांत गुप्ता,सतीष तिवारी,प्रभात राजपूत,गणेशपुरम श्री गुप्ता, एड. अनुनय श्रीवास्तव ने सभी को रामनवमीं पर्व की शुभकामनाएं देते हुए श्रीराम नवमी पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ जयकारे लगाते हुए मनाने की अपील की. इस अवसर पर एसडीएम सौरभ गंधर्व, तहसीलदार रॉबिन जैन,टीआई कोतवाली मनीष कुमार, देहात अमित गौतम,राजस्व अमला, पुलिस बल मौजूद रहा.

**एक नजर में**



### कक्षा नवमीं और 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

**कुम्हारी।** परीक्षा परिणाम घोषित हुए कक्षा ग्यारहवीं और नवमी के शासकीय उच्चतर विद्यालय कुम्हारी जहां कक्षा नौवीं में 188 छात्र पास हुए 158 फेल हो गए 346 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए थे 54% परीक्षा परिणाम रहा वहीं कक्षा ग्यारहवीं में 197 पास हो गए 9 फेल हुए हैं कक्षा ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा शिक्षा विभाग के सौजन्य से माने तो स्थानीय परीक्षा भी पहली बार होगी जिसमें सभी विषयों की परीक्षा छात्र दे सकते हैं रिटोटलिंग के लिए प्रति विषय 25 शुल्क निर्धारित की गई है जो कक्षा कक्षा नवमीं और ग्यारहवीं के लिए निश्चित है जिसको जमा करके छात्र रिपोर्टिंग उत्तर पुस्तिका चेक कर सकते हैं। माध्यमिक शाला कुमारी में कक्षा आठवीं और पांचवीं का रिजल्ट घोषित हुआ जिसमें 99 दर्ज छात्रों में से 94 छात्र पास हो गए पांच छात्रों को पूरक परीक्षा देनी होगी।



### मुस्लिम बंधुओं ने किया शोभायात्रा का स्वागत

**नवभारत, दमोह।** जिले के मडियादो बस स्टेंड पर जामा मस्जिद के सामने श्री राम की शोभायात्रा का स्वागत कर पुष्पवर्षा करते मुश्लिम बंधुजन.

### पुलिस ने गुमशुदा बालक को किया दस्तयाब

**नवभारत, दमोह।** थाना कोतवाली के गुम इंसान क्रमांक 28/26 की गुमशुदा को जिला अशोकनगर के थाना शहरिया में जाकर दस्तयाब कर बाद उसके परिजनों के समक्ष गोलू लोधी को सुपुर्द किया. प्रधान आरक्षक ज़मीर और आरक्षक प्रमोद थाना कोतवाली दमोह का सहयोग रहा।

### स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**नवभारत, दमोह।** तेजगढ़ पुलिस ने स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की है। उत्तम सिंह लोधी पिता पोले सिंह लोधी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम मोहरा थाना तेजगढ़ को गिरफ्तार कर जेल भेजा है.प्रधान आरक्षक 201 रघुराज सिंह ठाकुर,व प्रधान आरक्षक 291संदीप महोबिया द्वारा कार्यवाही की गई.

### खाद्य आपूर्ति विभाग ने 3 सिलेंडर किए जब्त

**नवभारत, दमोह.** जिले में एलपीजी के दुरुपयोग पर नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की टीम द्वारा शहर के जबलपुर नाका क्षेत्र में होटल एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई।जांच के दौरान यह पाया गया कि कुछ प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग व्यावसायिक कार्यों में किया जा रहा है,जो नियमों के विरुद्ध है। इस पर कार्रवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों ने 02 प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध मौके पर ही कार्रवाई कर कुल 03 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति से संबंधित उपभोक्ताओं की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम का गठन किया गया है।



## बांदकपुर में असामाजिक तत्वों ने उखाड़ा ट्री गार्ड

**नवभारत, दमोह।** प्रकृति पर्यावरण को संरक्षण समृद्ध बनाने और भोले बाबा की नगरी बांदकपुर धाम को प्राकृतिक रूप से हराभरा करने के उद्देश्य से शिवभक्तों व प्रकृति प्रेमियों ने बांदकपुर धाम में बरसात के समय गोवर्धन पर्वत के पास पौधरोपण कराया था जिसमें राजनेताओं सहित अधिकारियों व सामाजिक धार्मिक लोगों ने अपनी ओर से भी एक पौधा रोपित किया था। बांदकपुर धाम में प्रकृति पर्यावरण को संरक्षण और अभियान शिवभक्तों को प्रोत्साहन के उद्देश्य से दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर ने भी एक कदम का पौधा लगाया था।स्थानीय प्रकृति प्रेमियों द्वारा जिसकी देखभाल पानी खाद आदि की भी सेवा चल रही थी लेकिन किसी असामाजिक तत्व द्वारा उस हरे भरे पौधे और ट्री गार्ड को बहुत क्रूरता निर्दयता पूर्वक भारी वाहन ट्रैक्टर पत्थर से उखाड़ दिया गया। हालांकि पौधा अब भी बचा है। बांदकपुर धाम में पिछले कुछ समय से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार इस प्रकार की घटनाएं हो रही है।बांदकपुर धाम के प्राकृतिक स्थल गोवर्धन पर्वत के पास पेड़ पौधों को नुक़सान पहुंचाया जा रहा।

## बड़ी खैरमाता परिसर में प्रसादी के रूप में वितरित की गई लस्सी



**नवभारत, पथरिया।** दमोह. शक्ति स्वरूप माँ दुर्गा की पूजा अनुष्ठान महापर्व नवरात्रि,हिंदू नव वर्ष पर नगर के वार्ड 09 में प्राचीनकाल से विराजी देवी बड़ी खैरमाता मंदिर में विशेष रूप से महाआरती के शुभ अवसर पर नगर की प्रतिष्ठित नेमा परिवार(लक्ष्मी स्वीट्स) के संचालक अखिलेश नेमा, व सरस्वती स्टेशनरी व जनरल स्टोर्स के ओम नेमा,स्वप्नेश नेमा के सहयोग से सभी भक्तों को चैत नवरात्र,चैत प्रतिपदा एवं हिन्दू नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देकर हजारों भक्तों को प्रसाद के रूप में लस्सी वितरित करवाई गई।

### मां बड़ी देवी मंदिर में अष्टमी पर भक्तों का लगा तांता



**नवभारत, दमोह.** चैत्र नवरात्रि के गुरूवार को अष्टमी पर जगह-जगह कन्या भोज के साथ मां बड़ी देवी मंदिर, मां कंकाली के अलावा और भी शहर में मां देवी मंदिरों में विधि-विधान से पूजन अर्चन के साथ अठवाई का भोग लगाया गया .जगह-जगह महा आरती का आयोजन भी किया गया. मां बड़ी देवी मंदिर में देर सुबह से हजारों भक्तों ने पहुंचकर मां की आराधना कर अठवाई का भोग लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया है. मां बड़ी देवी मंदिर में माता रानी के साथ जवारे के भी भक्तगण दर्शन कर रहे हैं. इस अवसर पर ट्रेनिंग कलेक्टर, तहसीलदार ऋषिकेश विजय ठाकरे, एसडीएम सौरभ गंधर्व, तहसीलदार रॉबिन जैन, टीआई कोतवाली मनीष कुमार के अलावा और भी पुलिस बल मौजूद रहा.

### दो दिवसीय प्रवास पर आयेंगे मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष

**दमोह।** मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ.अवधेश प्रताप सिंह 28 व 29 मार्च को दमोह जिले के प्रवास पर रहेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे 28 मार्च शनिवार की रात्रि 11 बजे राज्यरानी एक्सप्रेस से दमोह पहुंचेंगे,जहां रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में होगा। 29 मार्च रविवार को प्रात: 9:30बजेडॉ.श्री सिंह बांदकपुर पहुंचकर भगवान जागेश्वर नाथ के दर्शन करेंगे। इसके पश्चात वे प्रात:11 बजे जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर व अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ.सिंह प्रात:11:45 बजे स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा दोपहर 12:30 बजे एकता चेतना समारोह में शामिल होंगे।

## पुलिस ने चंद घंटों में झांसी से बरामद किया नाबालिग बालक

**पटेरा नवभारत,** पटेरा। दमोह.जिले के पटेरा थाना अंतर्गत अपहरण के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए महज कुछ ही घंटों के भीतर अपहृत बालक को उत्तर प्रदेश के झांसी से सुरक्षित बरामद कर लिया है.दिनांक 26 मार्च 2026 को वार्ड नं. 09, टपरिया निवासी प्रार्थी धर्मेन्द्र राजपूत (पिता पंचम सिंह राजपूत, उम्र 47 वर्ष) ने थाना पटेरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. उन्होंने बताया कि उनके नाबालिग पुत्र को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 98ञ्च26, धारा 137(2)बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया.

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने बालक की तलाश हेतु तत्काल टीम गठित करने के निर्देश दिए.अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी हटा सौरभ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पटेरा पुलिस की विशेष टीम सक्रिय हुई. तकनीकी साक्ष्यों और सूचना तंत्र की मदद से पुलिस को बालक की लोकेशन झांसी (उत्तर प्रदेश) में मिली. बिना समय गवाएं पुलिस टीम झांसी पहुंची और घेराबंदी कर बालक को सकुशल संरक्षण में ले लिया. इस सफल रेस्क्यू ऑपरेशन में पटेरा थाना की टीम का विशेष योगदान रहा. मुख्य रूप से धर्मेन्द्र सिंह गुर्जर (थाना प्रभारी), लाल बहादुर सिंह, आरक्षक सुरेश सिंह पुलिस की इस तत्परता की क्षेत्र की जनता और वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशंसा की है.



## आचार्य श्री समय सागर का पदारोहण दिवस मनाया

**दमोह।** संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी की समाधि उपरांत उनके आचार्य पद को धारण करने वाले आचार्य श्री समय सागर जी का द्वितीय पदारोहण दिवस देश दुनिया के साथ दमोह में भी भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य श्री की मांगलिक पूजन के साथ विविध धार्मिक आयोजन किए गए।नगर के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में विराजमान आचार्य श्री शिष्य मुनि श्री पदम सागर जी एवं छुलल्क श्री तात्पर्य सागर जी के सानिध्य में गुरुवार सुबह मंगलमयी अभिषेक शांति धारा संपन्न हुई। तत्पश्चात मुनि संघ के सानिध्य में आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं समय सागर जी महाराज का सामूहिक पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवकार महिला मंडल द्वारा सजाकर लाए गए अष्ट द्रव्यों से भक्ति भाव के साथ ब्रह्मचारी स्वतंत्र भैया ने आचार्य श्री पूजन संपन्न कराकर समस्त मुनि राजो को अर्घ्य समर्पित करवाए।इस अवसर पर मुनि श्री पदम सागर जी महाराज ने अपनी दिव्य देशना में आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं समय सागर जी से जुड़ी अनेक जानकारियां साझा करते हुए गुरु की महिमा का बखान किया।गुरु गोविंद दोई खड़े किसको पहले पुजू प्रसंग की चर्चा करते हुए मुनि श्री ने कहा कि गुरु और गोविंद में से पहले गुरु की पूजा करना बताया गया है।

निरीक्षण | शहर में कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार और दोनों शहर टीआई ने सभी पंपों पर ली जानकारी

# घबराएं नहीं, जिले में पर्याप्त मात्रा में है पेट्रोल-डीजल का स्टाक

**नवभारत, दमोह.** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि जिले में पेट्रोल -डीज़ल की आपूर्ति पूरी तरह पर्याप्त है, किसी प्रकार की कोई किल्लत नहीं है. आज ही बीपीसीएल से लगभग 60,000 लीटर पेट्रोल व 1,00,000 लीटर डीज़ल की आपूर्ति प्राप्त हो रही है, साथ ही अन्य कंपनियों की सप्लाई भी लगातार जारी है.

अफवाहों के कारण पैनिक बाइंग की स्थिति बन रही है, जबकि वास्तविक आवश्यकता नहीं है. नागरिकों से अपील है कि भ्रम में न आएं और आवश्यकता अनुसार ही ईंधन लें. कलेक्टर श्री कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में जिले भर में पुलिस प्रशासन अपने-अपने क्षेत्र में पेट्रोल,डीजल पंप, गैस एजेंसियां और भी जगह पहुंचकर निरीक्षण भ्रमण कर जानकारी प्राप्त कर रहे हैं. बता दें कि पटेरा के उपाध्यक्ष पेट्रोल पंप पर स्थित सामान्य है. वहीं पेट्रोल पंप बनवार में भीड़ को क्रमबद्ध करके शांतिपूर्ण वितरण किया जा रहा है.रनेह पेट्रोल पंप पर आरक्षक श्रीराम मौजूद है.बटियागढ़ सन्मति पेट्रोल पंप पर, ग्राम पारस नोहटा पेट्रोल पंप पर भी स्थिति सामान्य है.वहीं दमोह शहर के रामरतन पुलिस पेट्रोल पंप,जेल पेट्रोल पंप,नर्मदा धारा पेट्रोल पंप,हटा नाका पेट्रोल पंप,अस्पताल चैराहा स्थित कन्हैया,बस स्टैंड पेट्रोल पंप के अलावा और भी पेट्रोल पंपों पर दमोह ट्रेनिंग कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे,एसडीएम सौरभ गंधर्व,तहसीलदार रॉबिन जैन,टीआई कोतवाली मनीष कुमार के अलावा देहात थाना प्रभारी अमित गौतम के अलावा पुलिस बल जगह-जगह तैनात है. साथ ही कलेक्टर श्री कोचर ने पेट्रोल डीजल एलपीजी की लगातार नजर रखे हुए हैं और सभी राजस्व व खाद्य विभाग के





अधिकारी को फील्ड पर रहकर निरीक्षण भ्रमण कर रहे हैं.किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप बांदकपुर,इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप हिंडोरिया,जिओ पेट्रोल पंप लुहर्रा, भारत पेट्रोल पंप लुहर्रा, तेंदूखेड़ा में सभी पेट्रोल पंपों पर पटवारी मौजूद हैं. पेट्रोल डीजल की स्थिति सामान्य बताई जा रही है. तेंदूखेड़ा में डीजल,पेट्रोल शांति कुंज से टोकन सिस्टम दिया जा रहा है.स्थिति सभी जगह सामान्य है. भारत शैली पुत्री पेट्रोल पंप बम्होरी सिंघौरगढ़ में भी शांति है.वहीं भारत पेट्रोलियम तहसील जबेरा में पेट्रोल पंप की स्थिति सामान्य बताई जा रही है.ओम समृद्धि पेट्रोल पंप जबेरा पथरिया पेट्रोल पंप पेट्रोल पर्याप्त है,स्थिति सामान्य है.यशोधरा पेट्रोल पंप पर स्थिति सामान्य बताई जा रही है.नोहटा पर शांति तरीके से पेट्रोल व डीजल वितरण किया जा रहा है. अमन हर्ष फिलिंग पेट्रोल पंप नोहटा के अलावा और भी जगह के पेट्रोल पंप पर स्थिती सामान्य है.पेट्रोल,डीजल खरीदने वाले धैर्य बना के रखें. ऐसा पुलिस प्रशासन आग्रह कर रहा है.आमजन से विशेष आग्रह है कि घर बनाने के साथ स्टॉक बनाकर घर में डीजल पेट्रोल पंप ना रखें,इससे कोई भी घटना हो सकती है इसे व्यवस्थित तरीके से जैसा प्रतिदिन डलवाते है वैसे ही आपको पेट्रोल मिलेगा.

### बनवार पेट्रोल पंप का तहसीलदार ने लिया जायजा

बनवार क्षेत्र के पेट्रोल पंप पर आज नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया.इस दौरान उन्होंने डीजल और पेट्रोल के वितरण से संबंधित जानकारी ली और स्टॉक की स्थिति का जायजा भी लिया. पेट्रोल पंप पर सुबह से ही चैकी प्रभारी मनीष यादव के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा.पुलिस की मौजूदगी में पेट्रोल का वितरण शांतिपूर्ण तरीके से किया जा रहा है.कहीं भी अव्यवस्था या हंगामे की स्थिति देखने को नहीं मिली.हालांकि, फिलहाल पेट्रोल पंप पर डीजल समाप्त हो गया है, जिसके चलते डीजल लेने पहुंचे लोगों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा.प्रशासन का कहना है कि जल्द ही डीजल की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी.

निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार ने आम लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और संयम बनाए रखें.उन्होंने कहा कि ईंधन की उपलब्धता को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है.प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुचारु रूप से जारी है।